तर्ज—जमाना रंग बदलता है।

कीजे ईश्वर की पहिचान, निरर्थक क्यों नरभव खोते हो। धरो हृदय में ज्ञान ॥ टेर ॥ अचल अटल अविकार निरंजन, अजर अमर गुण खान। करता हरता भरता नाहीं, सकल कर्म करहान ॥ विराजे सिद्ध स्थान भगवान ॥ की. ॥१॥ राग द्वेष तज हुये विरागी, निर-मम निर-अभिमान। क्रोध कपट मद लोभ त्याग के, मुक्त हुए शिव स्थान ॥ पाये दंसण ज्ञान निधान ॥ की ॥२॥ अखण्ड अगोचर अलख अखिल सो, अरि वसु कीना भान। हस्त कमलवत् पेखत जग को, जोति स्वरूप प्रमाण ॥ जहां पे निराबाध

सुखमान ॥ की ॥ २ ॥ दानादिक अन्तराय पन और ज्ञानादिक भटजाय । रस्य रति भय भीति जुगुप्सा, शोक काम वलवान ॥ किये सब जारी अशुभ समान ॥ की ॥ ३ ॥ अधान मिथ्र अविरति दुख मिथ्या सर्व महान । अष्टादश दूषण रहित—जिने श्वर अघमल कर अवसान ॥ पाये परम अमो निर्वाण ॥ की ॥ ४ ॥ ऐसे अमल अज अविनाशी भव भवि पर अज्ञान । मन्न नूरि रज सूर्य कहैं यों प्रभु सम्यक्त सु-विज्ञान ॥ समत मो है सबको सुखदान ॥ की ॥ ६ ॥

परनार-विष

राग—मेरे शम्भू तू काशी बुलाने मुझे।

परनारी स्नेह लगाओ मती।
अपनी इज्जत को आप गमाओ मती ॥टेर

है नागनी काली यही तन में हलाहल विष रहा। बोले सुधासम बैनसों अन्तर कपट बक सम महा॥ देखी शहेत छुरी ललचाओ मती॥ प.॥१॥ है ये शिखासम दीपकी सुन्दर दमक मोहन वला। देखी अधम नर मुग्धवन तन धन सभी देता जला॥ परदास बनी दुख पाओ मती।प.॥२॥ धर नैन बान कामन से घायल किया इसने कई। ब्रह्मा हरिहर इन्द्रनर सबकी मती मारी गई॥

पर नारि से पाप कमाओ मती ॥ प ॥३॥
भूली पतलक हैं यही घूमी कटारी आग
की। धन धर्म बीरज घी हरें उलटी
गती हम राग की। अपनी नीति से
पाँव हटाओ मती ॥ प ॥४॥ कुल सिंधु
सम परनार लख त्याग न करो इन कर्म
का। श्री मुनिचन्द मुनि सूर्य यों सत्पथ
बताते धर्म का ॥ कभी कर्म कुकर्म कमा
ओ मती ॥ प ॥५॥

अनाथ-विपे

तर्ज—मेरे शम्भु न पकड़ी मुरारि हाथ।

दुःखी दर्दी की पीर पिछान करो।
दुख भी अपने हृदय में भान करो ॥टेर॥

देखो दशा इस देश की भारत सभी गारत बना। सीमा नहीं कुछ दुख की खाने न मिलता है चना॥ निज जाति उन्नति का ध्यान करो॥ दु ॥ १ ॥ भूखे मरे लाखों यहां सब धर्म अपना तज गये। होते मुसलमां वा ईसाई अन्य धर्मी बन रहे॥ कुछ दीन अनाथ को दान करो॥ दु ॥ २॥ अपनी अपनी जात की सब कर रहे हैं उन्नति। सूझे नहीं धन्मांध हो तुमको जग भी सन्मती॥ नित स्वपरहित धी मान करो॥ दु ॥३॥ करते परस्पर द्वेष ईर्षा सोचते हितनां जरा बर्बाद करते द्रव्य का अन्याय पे पग को धरा॥ अब तो कुछ भी धर्म उत्थान करो॥ दु ॥ ४॥ निज पेट पशु पक्षी सभी भरते जगत में देखलो। तन धन लगा

पद हित करे मथा.पादी१मर पेमतो
कहे सूर्य मुनि हित मान करो ॥ ३ ॥

सुगुरु

दर्द—नाम।

सुगुरु के वर्ण कहपे।,हो, मपद अघ
फल बिगुलाता है।, जिनके में, जो मामन
पालन गरुद गुरु के जो बाता है,वैसा
मथम बरिहन्त,की पावी मदन,हो पाम
हुसने का। तस्वारि,नाम फिर होवे,
हुसमथम मेष,पाता है।घ.॥ १॥
बिहास फिर नाम से होवे, वरें सब
पाप कर्मों से।,तवे इस जीव,की हिंसा,
पुगि संपद,को ध्याता है।घ.॥ २॥

तजें आश्रव तप धारें, करें क्षय कर्म का वंधन । अकिरिया होय तब सिद्धि, लहें शिव सौख्य शाता है ॥ सु. ॥ ३ ॥ अक्षय आनन्द निधि सुख के, अतुल सो द्वार दरसावे । जन्म जर मर्ण की विपदा, सभी दुख को जलाता है ॥ सु. ॥ ४ ॥ विषय परमाद जग वन्धन मिटावें ताप-त्रय छिन में । स्पर्श पारस किये अय तब, तुरत कंचन विभाता है ॥ सु. ॥५॥ अन्ध नर सम भटकते हैं, विना गुरुज्ञान दर्शन से । सूरि श्री नन्द के पदकंज, लहे सो अघ हटाता है ॥ सु. ॥ ६ ॥

हमारा संघ

(दोहा)

हमारे संघ में भगवन् रत्न नर हो तो ऐसा हो। उजाले जैन के पथ को दिवाकर हो तो ऐसा हो॥ टेर॥ सिरे खुद भीर पर धारे, विमुख कामन कनक से हो। प्रकाशे धर्म को जग में मुनीश्वर हो तो ऐसा हो॥ ह०॥ १॥ मनो तन द्रव्य से करके, करे हित देश धर्म तज के। धरे शुद्ध जैन की श्रद्धा श्रावक हो तो ऐसा हो॥ ह०॥ २॥ करे सब कार्य आरम्भ के तजे हिंसा वृथा धारे। धरे वात्सल्यता घर में श्राविका हो तो ऐसा हो॥ ह०॥ ३॥ करे पितु मात की भक्ति धरे कुल धर्म की नीति। धरे परमार्थ

में प्रीती, पुत्रवर हो तो ऐसा हो ॥ ह. ॥ ॥ ४ ॥ करे सब जीव की रक्षा. दया के कुंज हो अनुपम । हरे अज्ञान तम सब का, गुरुवर हो तो ऐसा हो ॥ ह. ॥ ५ ॥ चहे शिर भी अलेदा हो, डिगे ना धर्म से हर्गिज । अटल श्रद्धान जिन मग पे, धुरंधर हो तो ऐसा हो ॥ ह ॥६॥ निभावे प्रेम से सब को, बढ़ावे सम्प आपस में । करें श्री संघ की सेवा, सुश्रवर हो तो ऐसा हो ॥ ह. ॥७॥ छत्तीसों गुण अखिल जामें, बने श्री संघ निर्यामक । धुरंधर नन्द मुनीश्वर से, सूरीश्वर हो तो ऐसा हो ॥ ह. ॥ ८ ॥

तर्ज पद्म—जोगी ।

देखलो कुछ गोर करके सार यहां कुछ भी नहीं । सुत मित्र बंधू नार यह परिवार यहां कुछ भी नहीं ॥टेर॥ साथी किसी के है कोई ना, स्वार्थ की दुनियां सभी । सब मान में प्यारे बने है पार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥१॥ होता नहीं एक दम, साथी विपत्ति काल में । एक धर्म के सहारे बिना, आधार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥ २ ॥ क्यों भार ही जिन के लिये उन्नत शिखर पर बांधता । संसार सिंधु है उन्नमें मझधार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥ ३ ॥ चल गये बरबीर राजा, छत्रपति नर इन्द्र भी । आखिर फना होगा अरे धन

धाम यहां कुछ भी नहीं ॥ दे. ॥ ४ ॥ श्री नन्द सूरीश्वर पसाये, "सूर्य" कहे हित वैन यों। जिन नाम सुमरण के सिवा, सुविचार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे. ॥ ५ ॥

गुण वचन वाणी

तर्ज—माता सीता के सोरा में हनुतम डारी मुन्दड़ी !

श्री अरिहन्त महन्त भगवन्त अनन्त गुण राजता जी। जस जाप जपें दुखनसें मिलें सुख साश्वताजी ॥ टेर ॥ जिनवर राजें पण तीसे वर गुण भारतीजी। प्रथम संस्कार युक्त गुण आण, उच्च-स्वर अति गुण पथ्य निधान। तूर्य गुण मेघ

तर्ज मधुर—प्यारी।

देखलो कुछ गौर करके सार यहां कुछ भी नहीं। सुत मित्र बंधू नार यह परिवार यहां कुछ भी नहीं ॥टेर॥ साथी किसी के है कोई ना, स्वार्थ की दुनियां सभी। सब काम में प्यारे बने हैं यार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥१॥ होता नहीं एक एक का, साथी विपत्ति काल में। एक धर्म के सहारे बिना, आधार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥ २ ॥ क्यों भार ही दिन के लिये नाहक सिरपर घर बांधता। संसार सिंधु है दुःखमई, मझधार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे ॥ ३ ॥ चल गये महावीर राजा, चक्रपति नर इन्द्र भी। आखिर फना होना अरे, धन

धाम यहां कुछ भी नहीं ॥ दे. ॥ ४ ॥ श्री नन्द सूरीश्वर पसाये, "सूर्य" कहे हित वैन यों। जिन नाम सुमरण के सिवा, सुविचार यहां कुछ भी नहीं ॥ दे. ॥ ५ ॥

गुण वचन वाणी

तर्ज—माता सीता के सोरा में हनुतम सारी मून्दड़ी !

श्री अरिहन्त महन्त भगवन्त अनन्त गुण राजता जी। जस जाप जपें दुखनसें मिलें सुख साश्वताजी ॥ टेर ॥ जिनवर राजें पण तीसे वर गुण भारतीजी। प्रथम संस्कार युक्त गुण आण, उच्च-स्वर अति गुण पथ्य निधान। तूर्य गुण मेघ

गहीर समान, पंच में गुण प्रतिपाद वि-
भाग। हि सरस सरल गुण मालप की
शिव गाजताजी ॥ श्री ॥१॥ भाषा मिश्र
मागधी देशयुत नय में भखीजी। भवि
युक्त सूचक भाव प्रकाशे नरमन संशय
सर्व पलासे। बारमें वारी समभव भावे,
अभय मोक्ष के सुख सुविकासे। चार
चरण सर्व पद्भर्या भेद विस्तारताजी ॥
श्री. ॥ २ ॥ नय निक्षेप युक्त योजना में
जिनवाणी कहीजी। सप्तर में वेदक द्रव्य
उचारे अठार में पाग प्रेय से न्यारे।
बालक समझे द्रव्य प्रचारे, कहें पूत
मिष वचन अनुसारे। हि उपदेश वर्णा
योग्य वस्तु प्रकाशताजी ॥ श्री ॥४॥ प्रभु
धरे उपशुद्धगम औदार्य नय पीसमैजी।
हि धर्मार्थ मोक्ष गुण पावी चिन्ह अनु-

शासन घाणी जाणी। क्लीव कुचेष्टा रहित वखाणी, अ.अर्थकारी सत्वकहाणी। गद शोक विवर्जित वैन अखण्ड घन धारताजी ।। श्री ॥४॥ मृदु अलंकार युत वाणी कहें प्रभु तीस मेंजी। पद अने-कार्थ प्रापती कहिये, सुण उत्साह हृदय भवि लहिये ॥ मौक्तिक माल शुभ्रजिम गहिये, धर्म दृढ़ भाव परमे उर रहिये ॥ श्रम खेद नहीं पण तीसे सहितसु सौम्य-ताजी ॥ श्री. ॥ ५ ॥ दुख भूख वेदना वैर सर्व तहां उपसमेजी। प्रभु पण तीस गिरा गुण जाण, कियो श्री समवायंग विधान ॥ यही उपकार सम्पदामान, सुणतां इह पर भव कल्यान। ऐसे सूरि-नन्द 'मुनि सूर्य', वैन जिन याचताजी ॥ श्री ॥ ६ ॥

जिनेश के चौंतीस अतिशय

चाल—मथुरा गीता के बीरा में हनुमान करी कृपाली।

सेवो सकल अमित सुखदायक जिन
वर जगपतीजी। तस पद पंकज सेवें
होय सदा निर्मल मतीजी॥ टेर॥ सोहे
अतिशय चौंतीसे गुण मणि नायजीरे॥
अवस्थित मूछ रोम नख (किया) निरामय
शरीरजी लेपन लेश॥ रुधिरामिष सित
गोक्षीर विशेष॥ श्वासोश्वास पद्म पंकज
सम गन्ध मन मोहतीजी॥ से॥ १॥ दृ
आहार निहार अदृश्य चर्म-चक्षु तणेजी।
नभ में धर्म चक्र चालें छत्र रु चामर
श्वेत सुखियाले॥ सिंहासन पाद पीठ
उजियाले॥ चालें इन्द्र ध्वजा जिन आगे
नभ में सोहतीजी॥ से॥ २॥ पुष्प फल

ध्वजा पतायुत तरू अशोक छायां करेजी। पृष्ट भा-मण्डल तम नाशे, मंजुल भूमि भाग विकाशे ॥ अधोमुख कंटक पगतल भासे ॥ अनुकूल षटऋतु हो सुख स्पर्श अतिशय सम्पतिजी ॥ से ॥ ३ ॥ योजन भूमि भाग हो स्वच्छ सुगन्ध समीर से जी ॥ सूक्ष्म घन से धूल समावे, जाणूं तक पुष्प अचित वर्षावे ॥ अनुकूल इन्द्रि विषय रहावे ॥ युग वींजता चमर अमर पावें रतीजी ॥ से ॥४॥ वाणी प्रिय पुनि भाषा अर्ध मागधी जाणिये जी ॥ समझे नरसुर तिर्यग भाषा, होवे वैर विरोध विनाशा ॥ अन्यमति होवे पद कज दासा ॥ वादी प्रतिवादी जिन देख कुबुद्धि विनाशती जी ॥ से ॥ ५ ॥ जहां विचरे प्रभु सौ-सौ कोस ईति भय नां

हुये जी ॥ मारी जन्म-जरा आदिक भयभीति, अगाधिक छुटि गई पर्याई ॥ प्रशान्ति शांति जहां दरसाई ॥ जहां पे पशिके सो सब प्रीति सो जावे छूटीजी ॥ से ॥ ६ ॥ पावें अतिशय गुण चौंतीसे पैंतीसे भारतीजी ॥ केवल ज्ञान धर्यो दुःख-विनाये लोकालोक भाव सुविकाये ॥ परजीभास सूर्य परकाया ॥ मांगे अचल सम्पति नम के नन्द धारि संपतीजी ॥ से ॥७॥

वाणी-महिमा

छंद—अनबी।

सुमन सोहन वारिद दायक को दायक जिनवर वाणी है। जो मर ध्यावे उसी के मनवांछन विरकाशी है ॥ ९८ ॥ जय जय

श्री जिनवाणी तेरी कौन सके महिमा वरणी। कोटि जिह्वा थके मुख तूँ है आ-तमहित करनी ॥ भव भव भमतें अधम जनों की पार करे पल में तरणी। कुमति कुगति के धारक जनकी छिन में अधमल दे हरणी ॥ सब जन के हितकारी प्यारी उपकारी शिवदानी है ॥ जो ॥ १ ॥ नित षट नर एक नारी जिनका घातक था अर्जुन माली। छह महिनों तक अधम ये कीना कृत सुकृत टाली ॥ वीर जिनन्द पदकज ले छिन में अधमल दीना है जाली। छह महिनों में मुक्त गया सो जिन आणा उत्तम पाली ॥ दादुर नाग बाघ तस्कर कई तारे ऐसे प्राणी हैं ॥ जो ॥ २ ॥ नृप परदेशी संयति श्रेणिक कृष्ण नरेश्वर आदि महान। जिनवाणी का

पाल कर सफल किया सब पर अहसान ॥ पुण्य प्रकट हो उन्हीं जीव के सुने पर्व सो जिनवर नाम। तीन भुवन की यही सम्पदा शिव मंदिर की है सोपान ॥ अ नाम तिमिर सब नशे परम यही बने मनुज सत्वामी है ॥ जो ॥ ३ ॥ गौतम गुणधर सुण के वाणी आगम गुथ पर-काश किया। यही सिन्धु है इसी में आदि अन्त इक साथ छिपा ॥ ऐ माता जिन वाणी पर्यन्त गुण भक्ति आप किया। सन्द् सुरीश्वर सुना के जिनवाणी सुभ तार दिया ॥ "सूर्य मुनि" नित करत सेवनां जिनवाणी उरठाणी है ॥ जो ॥ ४ ॥

स्व. पूज्य श्री नंदसूरीश्वर स्तुति ।

माता सीता के खोरा में हनुन्त डारी मून्दडी ।

वन्दौ चरण युगल श्री पूज्य गुरु नंद-लाल के जी । पावन परम पुनीत पुनवान विशद् गुणमाल के जी ॥ टेर ॥ पाई तत्त्व रुची हिरदा में जिनवाणी धरी जी ॥ सुगुरु श्री गिरधरलाल महान, वाणी ताकी सुधा समान । सुण कर भ्रमतम भग्यो अनाण ॥ होगये परम विरागी ममता जग की टाल के जी ॥ वं ॥ १ ॥ हिंसा झूठ अदत व्यभिचार परिग्रह त्यागियोजी । करुणा सब जीवन पे धार, दसविधयती धर्म को पार । कीनो पंच प्रमाद निवार ॥ धरके इरिया समिती चालें चाल मराल के जी ॥ वं ॥ २ ॥ धर

परमारथ पथ पुद्गल परिचय को हरे जी ॥ अरु और चेतन भिन्न निहार, भ्रम रात भ्याले स्थिरता धार। कोमल कठिन वचन सुविचार। वरतें विपरीत में सम भाव विनम्र पथ चाल के जी ॥ मं ॥३॥ सुमनस भावन से असुवैन सतत अमृत झरे जी ॥ व्रामिश परिसद को समभाव जीते राग द्वेष अपसार। राजत भय सम्पदा भार ॥ सब ही विपत नसें अस लसें दर्शवरमाल के जी ॥ म ॥ ४ ॥ श्री सूरि गुरुगुणी भगवन्त अधम समझाम के जी ॥ ऋद्धिवास सूर्य की सीजे कृपालु दर्श दया कर दीजे, बुद्धि अचल अमल मम कीजे ॥ होवे मंगल नित्य निम ध्यातां नाम दयाल के जी ॥ म ॥ ५ ॥

○ चतुर्विंशति ○

तर्ज—जमाना रंग बदलता है ।

ध्याओ चतुर्विंश भगवान । विघन हरन बन्धन भव जारन, दिव शिव सम्पति खान ॥ टेर ॥ आदि अजित सम्भव अभिनन्दन, सुमति पद्म सुख कान । सुपार्श्व चन्दा प्रभु सुविधि, शीतल श्रेयांश वखान । वासुपूज्य हरिये मम अज्ञान ॥ ध्या. ॥ १ ॥ विमल अनन्त धर्म शांति जिन, कुन्थु करत कल्यान । अरमल्लि मुनि सुव्रत स्वामी, अमित दर्शन ज्ञान । लियो है अविचल पद निर्वाण ॥ ध्या. ॥२॥ नमिनेम पारस जग नायक, दायक परम निधान । अन्तिम श्री वर्धमान जिनेश्वर, प्रकट भये भू

भान। अहर्निश कीजे मंगल गान ॥ ध्या ॥३॥ ये चोवीस जिन सेव सेय से होवत आदि समान। पुण्डरीकादि गौतम गण मुनि देखो हस्तिगत थान। हमारा निज गुण हो उत्थान ॥ ध्या ॥४॥ भव भय हरन शरण में तारो, कीजो है शुभ ध्यान। सूरि नन्द पद सेव 'सूर्य मुनि' कहे करके भजान। सुजानी भजलो जिन अभिधान ॥ ध्या ॥५॥

ईश्वर प्रार्थना

तर्ज—[illegible]।

लगी है आस दरशन की तुम्हारे शरण में भगवन्। कहे सब कोटि गुण गाये पड़ा हूं चरण में भगवन् ॥ टेर ॥ सही है ताप भव भव में अनन्ती मर्द

तिर्यंग में। तुम्हारे नाम की सुखमय, लही अवतरण मैं भगवन् ॥ ल. ॥ पड़ी है भूल चेतन में, फिरे मोहांध चक्कर में। तुम्हारी मोहनी वाणी, धरी नां करण में भगवन् ॥ ल. ॥ तीव्र इच्छा से अहोनिश ही, करी हिंसा मगन होकर। दयामय सुक्ति को सुनकर, लग्यो अब डरण मैं भगवन् ॥ ल ॥ रुच्यो सम्यक्त्व नां शुध मन, रहियो अज्ञान के पथमें। मुक्त कीजे जनम जर से, करूँगा मरण मैं भगवन् ॥ ल. ॥ हर्यो ना कर्म दल कोटी, वन्धे पातिक जो पूरव के। कथा कर्मो की कहां तक ही, करूँ सब वरण मैं भगवन् ॥ ल.॥ पूज्य नन्दलाल जगत्राता, दिखायो वीतरागी. को। जैन 'मुनि सूर्य' अहोनिश ही, रहियो है स्मरण में भगवन् ॥ ल ॥

जिन स्तुति

तर्ज—कव्वाली।

सुख शांतिमाय दीजे, सुख दीन के दयाला। चरणों में आ पड़ा हूँ रख लीजिये कृपाला॥ टेर॥ है सौख्य सिन्धु सर्वज्ञ गुण का न पार पावे। इक नाम ही पसावे, सुख सम्य कर्म ज्वाला॥ सु॥ १॥ है आत्म घाति के सम अवगुण मरे अनादि। नानाविध आत्म सुख को तज हो रहा निराला॥ सु॥ २॥ पञ्चास्य सुख चेतन, कर्मों के पेच लिपटा। निज मान भूल कर के, पर द्रव्य को सम्भाला॥ सु॥ ३॥ मत भेद पक्ष तामें, पाखण्ड सत्य माने। हिंसा में धर्म ठाने गुरुओं का संग काला॥ सु॥ ४॥ कर पाप माया

मेरे; ज्योति स्वरूप भगवन्। निज स्थान दास जानी, बतला तू कर कृपाला ॥ सु. ॥ ५ ॥ सूरि नन्दलाल गुरु के 'मुनि सूर्य' ध्यान ध्याई। स्तवन इन्द्रप्रस्थ में ये, सुन विश्व सेन लाला ॥ सु. ॥ ६ ॥

卐 भगवन 卐

तर्ज—कव्वाली।

दुख दूर अब हमारा, कीजे तू विश्व भगवन्। हमको धरम सहारा, दीजे तू विश्व भगवन् ॥ टेर ॥ मझधार में पड़ी है नौका ये आय मेरी। कर पार इसको तट पे, लीजे तू विश्व भगवन् ॥ दु. ॥१॥ है देव तूँ विरागी, ज्ञाता है भाव घट के।

जिन स्तुति

तर्ज—कव्वाली।

सुख शांतिनाथ दीजे, मुझ दीन के दयाला। चरणों में आ पड़ा हूँ रख लीजिये मयाला॥ टेर॥ हे सौख्य सिन्धु सर्वज्ञ गुण का न पार पावें। इक नाम से पलावें दुख द्वन्द कर्म ज्वाला॥ सु॥ १॥ हे आत्म घाति के मम अवगुण भरे अनादि। कम्मादि आत्म सुख को तम हो रहा निराला॥ सु.॥ २॥ परमात्म शुद्ध चेतन कर्मों के पंक लिपटा। निज भान भूल कर के, पर द्रव्य को सम्भाला॥ सु॥ ३॥ मत भेद पक्ष तानें, पाखण्ड सत्य मानें। हिंसा में धर्म ठानें गुरुओं का संग टाला॥ सु.॥४॥ कर पाप नाग

महावीर

तर्ज—धन २ जग में वह नर नार ।

शासन नायक श्री महावीर, जगदानन्द बढ़ाने वाले ॥ टेर ॥ प्रभुजी दशवें सुर से आय, क्षत्रिय कुण्ड नगर के मांय । लीनो जन्म तहां जिनराय, तिमिर मिथ्यात्व मिटाने वाले ॥ सा. ॥ १ ॥ नृप श्री सिद्धारथ हैं तात, श्रीमति त्रिशला देवी मात । वृद्धि सुख वैभव हुई पर्याप्त, जग में जश प्रगटाने वाले ॥ सा. ॥ २ ॥ संसार सकल परिवार, दीना मोह ममता को टार । लीना केवल कर्म विडार, दउ विध धर्म बताने वाले ॥ सा ॥३॥ सुनके वीर जिनन्द उपदेश ग्यारा गौतम आदि गनेश । लीनो संयम चउदस सहेस,

भवबन्ध मर्म मेरा हरले तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥२॥ तेरे लिये हां ! कोई सब प्राणियों के करते। उनके हृदय में सुमती भरते तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥३॥ मिथ्यात मय अनादि अज्ञानतम भरा है। शुद्ध ज्ञान का उजाला, करते तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥४॥ तू है अनन्त ज्ञानी और शक्ति भी अनन्ती। वह आत्म शक्ति मुझ में भर दे तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥५॥ भटका हूँ भूल भ्रम में तेरे बिना मैं दरदर। अब तो चरण का चेरा रखले तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥६॥ हरिनन्द 'सूर्य' तुमको ध्याता है भाव भर के। किंचित् विनय हमारी सुनले तू विश्व भगवन् ॥ तु ॥७॥

अहियासे, छेद पुराकृत पाप ॥ जि. ॥२॥
द्वादश वर्ष साढ़ा छे महिने, छउमत्थ रहे
वर्द्धमान। नित्यानन्द अखिल प्रकाशक,
पाये केवल ज्ञान ॥ जि ॥३॥ गौतम गण-
धर मुनिवर आदि चउदस सहस प्रमाण।
सहस छत्तीस सु साधवी सोहें, चिंता-
मणि गुणखान ॥ जि ॥ ४ ॥ पांवापुरी में
अन्तिम जिनवर, कीनो है चउमास।
कार्तिक वदी अमावस निशि में, लीनो
शिव सुख वास ॥ जि ॥ ५ ॥ महिर करो
मुझ साहिब शीघ्र ही, दुष्कृत दूर निवार।
सुख निश्चय अविचल पद दीजे, कीजे
भवदधिपार ॥ जि ॥ ६ ॥ श्री पूज्य दया
निधिवर नन्दलाल महाराज। तास चरण
रज 'सूर्य मुनि' कहे, सुनिये श्री जिनराज
॥ जि. ॥ ७ ॥

हिंसा धर्म नशाने वाले ॥ सा ॥ ४ ॥ प्रभु श्री चरम जिनेश्वर वीर, कर भव व्याधि से भव तीर। सही हैं लख चौरासी पीर, तुम्हीं जिनेश्वर हटाने वाले ॥ सा ॥ ५ ॥ तज संघ तुम्हरा दीनदयाल, जय तारण बहोत्तर साल। मेरी चरण पूज्य नन्द-लाल 'सूर्य' यों विनय सताने वाले ॥ सा ॥ ६ ॥

—जिन गुण—

तर्ज—चतुर नर घूमेरे उदार।

जिनन्द मम दीजे मम वरदान। दरिपो नाथ मिसन तरसन ॥ टेर ॥ महाता प्रभु चौबीसवां शासन ईश दयाल। नृप सि-द्धारथ त्रिशला राणी ताको तनय कृपाल ॥जि ॥ तज वैभव सुख अस्थिर जगतना संयम श्री लो आप। सुरनर पशु परिषह

त्रिशला तनय जगताजसूँजी ॥ मु ॥ ६ ॥
श्री पूज्य गुरुनन्द पद परें जी । यों "सूर्य
मुनि" विनती करेजी ॥ मु. ॥ ७ ॥

उपदेश

तर्ज—म्हानि म्हेर करीने वेगा तारजोजी ॥ गरबी ॥

घना जाप जपो जिन राजका रे । कर
साधन आतम काज का रे ॥ टेर ॥ मना
यौवन वय वीती गयो रे । मन सुकृत
करवानां थयोरे ॥ म. ॥१॥ मना आई जर
अङ्ग थर हरे रे । मन इच्छा नूतन वढ़ती
रहे रे ॥ म ॥ २ ॥ मना कान पुरा उजड़
थया रे । गढ़ दन्त पूरी टूटी पड्या रे ॥मु.
मना आंख नाक पानी वहेरे । नित खास
सांस वढ़ती रहे रे ॥ म. ॥ ४ ॥ मना केश

—विनय—

तर्ज—थाने टेर करीमे मैया तारजीमी ॥ मरी ॥

सुम चरन छुमो जगदीश्वरजी ।
करूँ नम्र विनय अखिलेश्वरजी ॥ टेर ॥
प्रभु अतिशै गिरागुण शोभताजी । प्रभु
अनुपम जगजय ओपताजी ॥ सु ॥ १ ॥
प्रभु स्फटिक सिंहासन राजताजी । त्रय
छत्रहि सिर पर छाजताजी ॥ सु ॥ २ ॥
प्रभु चमर अमरगण ढारताजी । तरु
अशोक शोक संहारताजी ॥ सु ॥ ३ ॥
तुम बैन त्रिजग भव भ्रम नसेजी । सुर
तिर्यंग नर मन सम बसेजी ॥ सु ॥ ४ ॥
प्रभु तारक बिरुद बिचारियेजी । कृपा-
निधि महोदधि तारियेजी ॥ सु ॥ ५ ॥
मम आस लगी जिनराजसूँजी । श्री

च्छाचारी रमतूं। पर की कीरत श्रवण करीने, सम भावे नवि खमतूं॥ ना. ॥१॥ पर वैभव लख धीर धरे नां, मात्सर्यता मन धरतूं। पर वंच वैराग्य कियो सहु, दंभ धरी जग ठगतूं॥ ना. ॥२॥ नैन गिरा श्रुत इन्द्रि आदि, कर पद विहीन है दंतूं। बुद्धि घटी तन एते थकें सहू, तो पण लोभ न यमतू॥ ना ॥३॥ सुकृत कार्यमां विघ्न करे तूं, पर-निन्दा रहे रटतूं। विन अकुश वारुण ज्यों मदमां, त्योंहि मन अनुसर तूं ॥ ना. ॥ ४ ॥ जलधि तरंग चंचल कपि त्योंहि, मन मूरख रहे फिरतूं। ज्ञानी ध्यानी कवहु मानी, निश्चल पन विठरतूं॥ ना. ॥ ५ ॥ लिंग नपुंसक कहे जग तोहूं, काज [illegible] ही करतूं। सेर चालीस थी [illegible] मण, तेथी

समी पोसा यया रे। साहू मन्न चरम
सरकी गया रे॥ म ॥५॥ ममा डूंगर
सम वेरी गई रे। कची वांकी हुई लाठी
गयी रे ॥ म ॥६॥ मना साठी मे पुख
नाठी गई रे। मई लाठी लाया मन में धई
रे ॥ म ॥७॥ ममा खेत समी वजन
पया रे। बोई बीज धर्म फल मां लया रे
॥ मु ॥८॥ मना पुन्य मम्ब गुरु प्यारे रे।
'मुनि सूर्य' अचल पद पारये रे ॥ म ॥९॥

मन

तर्ज—श्री मधु बनमी माणी।

मन मार्ये रहे भमर्दू माय मन मार्ये
रहे ममर्दू। मनुमय रस मधि गमर्दू॥
टेर॥ मास् पमे सम्मान चाहे मम रहे–

कार। प्रकट ही नवनिधि के आगार॥ ॥ भ. ॥ १ ॥ पुत्र कलत्र वंधु पितु माता, और सभी परिवार। देत छेह पल में विन स्वारथ, जो हो सच्चा यार। मित्रवर देखो आंख उघार ॥ भ ॥ २ ॥ सप्त धात विमल पुनि जाति, उन्नत ही आगार। राज मान धन धान ये सब ही, अस्थिर है दुख कार। सार इक नाम जिनन्द का धार ॥ भ ॥३॥ झूठ कपट माया छलवा जी, तज प्रभु से कर प्यार। शुभ अशुभ निज काज किया सो, आप ही भोगनहार निश्चय है झूठा संसार ॥ भ. ॥४॥ अविनाशी अविकार निरंजन, भज मन दृढ़ता धार। पूज्य श्री नन्द पद कज ध्याई, 'सूर्य' कहें हितकार। कीजे निश दिन पर उपकार ॥ भ. ॥ ५ ॥

गति में पहुंचे ॥ मा ॥ ५ ॥ तिथी उत्कृष्टि अन्तर्मुहूर्तमें पहुंच रहे पुनि पहुंचे । मयदस हाथे शैल अयोगी, तब ही है अविचार ए ॥ मा ॥ ६ ॥ अब हम बीते उत्तम नर से वाणी रहे मित दम दे । श्रीमन् पूज्य नमन चरण कज, 'सूर्य मुनि' रहे नमदें ॥ मा ॥ ७ ॥

उपदेश

तर्ज—बाला ऐ बरता है ।

जय जय महावीर सुखकार ।
सुख सम्पत शिव शान्ति निकेतन हैं यह जगदाधार ॥टेर॥ भव भव भ्रांति दुःख को नाशी ताको सुख दातार । रोग शोक सन्ताप दूरत ही, नाम से हो जय

कार। प्रकट ही नवनिधि के आगार॥
॥ भ. ॥ १ ॥ पुत्र कलत्र बंधु पितु माता,
और सभी परिवार। देत छेह पल में
विन स्वारथ, जो हो सच्चा यार। मित्रवर
देखो आंख उघार ॥ भ ॥ २ ॥ सप्त घात
विमल पुनि जाति, उन्नत ही आगार।
राज मान धन धान ये सब ही, अस्थिर
है दुख कार। सार इक नाम जिनन्द का
धार ॥ भ. ॥३॥ झूएठ कपट माया छलबा
जी, तज प्रभु से कर प्यार। शुभ अशुभ
निज काज किया सो, आप ही भोगनहार
निश्चय है झूएठा संसार॥ भ. ॥४॥ अवि-
नाशी अविकार निरजन, भज मन दृढ़ता
धार। पूज्य श्री नन्द पद कज ध्याई,
'सूर्य' कहें हितकार। कीजे निश दिन
पर उपकार ॥ भ. ॥ ५ ॥

भरजन

तर्ज—पीवूं भवजर देव सेव ॥ कवाली ॥

जय जय जगदाधार जगत गुरु सुनिये अरज हमारी ॥ टेर ॥ भव भ्रमण करत संसार भ्रमत ही काल भयो सुख को। यही कुमति कुटेव चित आनी जड़ को मैं चेतन मानी। पारस मणि को छोर लियो हाँ! कंकर कर में धारी ॥ ज ॥ १ ॥ कल्पवृक्ष मैं पाय कुठार ले कीनो ताको संहारन। अधम मूर्ख अज्ञान लियो माँ जिन पथ मैं सुख धारन। हिंसा में धर्म बतायो कुगुरु कुदेव सुनायो। प्रभु हेतु किया वध जीव जाय के धर्म भांति मैं हितकारी ॥ ज ॥ २ ॥ अगम अगोचर देव जन्म जर मृत्यु गद भय

टारी । ऐसे श्री जगदीश, अक्ष में आन्यो-ताको साकारी । हिंसा झूठ अदत व्यभिचार, कर पाप रुल्यो ससारा । हर भव व्याधि शोक, नाथ मम सेवक लख तूँ उपकारी ॥ ज ॥३॥ जो अनन्त भव विरतंत, अन्त किम ओगुण को थावें । ज्ञाता घट घट भाव, जपे तुज जाप पाप भय विरलावें । प्रभु ऐसो तूं अविरागी, लख आतम दशा अव जागी । सूरिनन्द चरण रज कहें, 'सूर्य मुनि' देओ भवनिध तारी ॥ ज ॥ ४ ॥

तर्ज —जमाना रग बदलता है ॥ गजल ॥

जगत में दो दिन के महेमान । जो जनमे सो निश्चय एक दिन, हो ताको अवसान ॥ टेर ॥ क्यों विरचे जग देख

अथिर ही आ यावत के काम । इस्तुमाल
तम व्यापक है जग का, देखो मित्र सुजान ।
हृदय में ध्याओ श्री भगवान ॥ अ ॥ १ ॥
चिन्तामणि को पाय हाथ में कदर करे
इस्तमाल । काग उड़ावन फैंके ताको, मूरख
भर अज्ञान । नहीं है स्व-पर हित का भान
॥ अ ॥२॥ हृदय भर अहंकार मिले मन,
हूं मैं मति धनवान । अथिर जग्त गये
उस के बाकी है न निशान । वृथा क्यों?
धरता है अभिमान ॥ अ ॥ ३ ॥ चेतन
काल अहो निश लेके घूम रहा है बाण ।
हो सचेत कीजे शुभ काज या दीनन
को दान । कीजे भक्ति पूरा विधान ॥ अ
॥ ४ ॥ यौवन पूर नदी जल जैसे, धावत

आयु हान। सुरिनन्द रज कहे, "सूर्य मुनि" कर आतम कल्यान। धरो मन सतगुरु का श्रद्धान ॥ ज. ॥ ५ ॥

तर्ज—श्रीजिन मुजने पार उतारो ॥ आशावरी ॥

ऐसे निर्ग्रंथ गुरुजी हमारे। जो आप तिरे पर तारे ॥ अज्ञान तिमिर भर्यो घट भीतर, ते सब टालन हारे। मोह निवारे भये जग त्यागी, स्व-पर स्वरूप निहारे ॥ ऐ ॥ १ ॥ त्रस थावर की हिंसा परहर, अनुकम्पा रस प्यारे। झूंठ अदत्त परिग्रह आदि, अघ अष्टादश टारे ॥ ऐ. ॥ २ ॥ नवविध वाड़ सहित ब्रह्मचारी, नारी नागन धारे। वाह्य अभ्यन्तर एक स्वभावे, चरण करण मग धारे ॥ ऐ. ॥३॥ ध्यान धर्म को

अथिर ही जो बादल के काम । इन्द्रजाल सम ज्यान है जग का देखो मित्र सुजान । हृदय में ध्याओ श्री भगवान ॥ ज ॥ १ ॥ चिन्तामणि को पाय हाथ में कहा करे इन्सान । काला कागला फैंके ताको, मूरख मद अज्ञान । नहीं है स्वपर हित का भान ॥ ज ॥२॥ हृदय घरे ओंकार जिने मन, हूं मैं मति धनवान । अथिर आयु गये तन के तापा है न निदान । वृथा क्यों ! करता है अभिमान ॥ ज ॥ ३ ॥ चंचल काल चढ़ो सिर तेरे घूम रहा है प्राण । हो सचेत कीजे शुभ कारज या दीनन को दान । कीजे भक्ति पूरी विधान ॥ ज ॥ ४ ॥ जीवन पूर नदी जल जैसे, रोपत

तर्ज—वारी जाऊँरे सांवरिया तुम पर ॥ सोरठ ॥

एजी क्रोध महा दुःखकार ख्वार पल में करेजी ॥ टेर ॥ इह भव परभव है दुखदाई, भान सर्व हां जाय भुलाई । कई विषखाई, लाज काज त्यागी मरेजी ॥ ए. ॥ १ ॥ निर्दयता घट जाय समाई ॥ करे प्राणवध हिंसक थाई ॥ प्रभुता जाय विलाई, क्रोध हृदये ठरेजी ॥ ए ॥ २ ॥ होय क्रोध में ताको ज्ञानी ॥ कहे तभी चंडाल समानी ॥ माने ना अभिमानी, वाणी प्रभु की ना धरेजी ॥ ए. ॥ ३ ॥ क्रोड़ पूर्व का तप छिन मांई ॥ क्रोध वसे हां देत गमाई रुले अनन्त भव मांही, कहियो जिनवरेजी ॥ ए. ॥ ४ ॥ हाथ पांव दोऊ हृदय धुजावें ॥ नैन लाल विकराल वनावें ॥ भ्रकुटी चढ़ावे किंचित् मूरख ना डरेजी

ध्यावे अहर्निश, आतम रीझ विचारे । आनन्द कन्द चिदानन्द सुमरे अघमल पंक पखारे ॥ पे. ॥ ४ ॥ बाविश परिसह पंच इन्द्रिय को, जीते सम अणगारे । घोर तपोधन समदम पूरे पण परमाद निवारे ॥ पे. ॥ ५ ॥ श्रमण धर्म में रम रहे नित विनकर धर्म उजारे । क्षमा दया वैराग्य समाधि धारी तत्त्व विचारे ॥ पे. ॥ ६ ॥ समाचीर्ण पावन नित वासे समिति गुपति रत पारे । मन्दसूरि रत 'सूर्य मुनि' ऐसे सद्गुरु सुगुण उजारे ॥ ॥ पे. ॥ ७ ॥

○ दान-विषय ○

तर्ज—मारी नाव तमारे हाथे हारी समाल ॥ सोरठ ॥

दीजे दान सयल सुखकार, सदा शुभ भाव से जी ॥ टेर ॥ धन्ना सेठ मुनि लख हर्षावे ॥ घड़ा पान से घृत वहिरावे। प्रथम ऋषभ जिन थावे, दान प्रभाव से जी ॥ दी. ॥१॥ पंचशत मुनि को दान देय कर ॥ हुवे ताहि से भरत चक्रिवर। पाय अमित सुख वैभव, मुक्ति में वसेजी ॥ दी. ॥ २ ॥ मेघरथ भूप दयारस भीना ॥ शरण परेवा ले तन दीना। ऐसे जिनपद लीना, दिव शिव पावसेजी ॥ दी. ॥ ३ ॥ सरल भाव से शंखराय ने ॥ दियो द्राख-जल मुनिराय ने। कंवर सुवाहु सुध दान, दियो हर्षाय से जी ॥ दी ॥४॥ संगम भव

॥ ए. ॥५॥ द्वीपायन ऋषि था तपधारी ॥
क्रोध वसे हो द्वारिका जारी। भारी तप
किये हारी अति क्रोध भरेजी ॥ ए. ॥६॥
प्रीति नम्र होवे फिर नाहीं। वैरी सम
मित्र मित्र सब थाई। जग में अपयश पाई
भाव २ में फरेजी ॥ ए. ॥७॥ क्षमा शस्त्र
जिनके कर माहीं। दुर्जनता की करें
सफाई। क्षमा बिन सब दुःखाई शीतलता
परेखी ॥ ए. ॥८॥ यों जानी समभाव
भरायो ॥ क्षमाधरी आतम हित साधो।
पूज्य मन्न पद पायो 'सूर्य' भव जल तरे
जी ॥ ए. ॥९॥

तर्ज—स्थूलिभद्र कियो है चउमास ॥ माढ ॥

नित वंदू रिठ नेम, यादव वंश सेहरो महाराज हो ॥ या ॥ हैं ब्रह्मचारी आप, सौख्य शिव देहरो ॥ म. ॥ टेर ॥ समुद्र-विजयजी के लाल, राणी शिवादे भली ॥ महा. ॥ तस कूंखे अवतार, लियो अतुल वली ॥ महा. ॥१॥ मिलकर वासव वृन्द, जिनन्द चरने परे ॥ महा. ॥ नील वरण वपु तास, छटा घन की हरे ॥ महा. ॥२॥ व्याहन काज प्रभु आप, चले परिवार से ॥ महा. ॥ पशु की सुन के पुकार, हृदय करुणा वसे ॥ महा. ॥३॥ फेरी रथ तत-काल, दान वर्षी दिये ॥महा ॥ गढ़ गिर-नार पै जाय, प्रभु संयम लिये ॥ महा. ॥ ॥४॥ सुनकर राजुल नार, जिनन्द दीक्षा-

दे दान खीर को॥ चंदनबाला महावीर को। श्रेयांस कुंवर दे इक्षु रस को, मोक्ष पठायसे जी॥ दी ॥५॥ एक क्रोड़ बहु लाख सुवर्ण को॥ देत जिनन्द नित दान भविन को। एक वर्ष लग अन्न को दें दीक्षा धरसे जी॥ दी ॥६॥ तन मन धन से दान देय नित॥ कीजे कारज सकल स्व परहित। रिद्ध सिद्ध पावें इच्छित कर्म खपावसे जी॥ दी ॥७॥ अगणित महिमा कही सुखकारी॥ दान दीये सुख पावें प्राणी। हरिचन्द 'सुनू' वाणी, कहें अध्याय से जी॥ दी ॥८॥

तर्ज—स्थूलिभद्र कियो है चउमास ॥ माढ ॥

नित वंदू रिठ नेम, यादव वंश सेहरो महाराज हो ॥ या ॥ हैं ब्रह्मचारी आप, सौख्य शिव देहरो ॥ म. ॥ टेर ॥ समुद्र-विजयजी के लाल, राणी शिवादे भली ॥ महा ॥ तस कूंखे अवतार, लियो अतुल बली ॥ महा. ॥१॥ मिलकर वासव वृन्द, जिनन्द चरने परे ॥ महा. ॥ नील वरण वपु तास, छटा घन की हरे ॥ महा. ॥२॥ व्याहन काज प्रभु आप, चले परिवार से ॥ महा. ॥ पशु की सुन के पुकार, हृदय करुणा वसे ॥ महा ॥३॥ फेरी रथ तत-काल, दान वर्षी दिये ॥महा.॥ गढ़ गिर-नार पै जाय, प्रभु संयम लिये ॥ महा. ॥ ॥४॥ सुनकर राजुल नार, जिनन्द दीक्षा-

वर्षा ॥ महा ॥ संवेग धर्यो मन मांय सखी शुभ लक्षणी ॥ महा. ॥ ५ ॥ लियो सुवृष बराय, सहेली वृन्द में ॥ महा ॥ ज्योति अखिल प्रकटाय, गये सुख कन्द में ॥ महा ॥६॥ श्री नेम जिनेश्वर आप, पाप रज शिव वरे ॥ महा ॥ जो ध्यावें नर-नार तिमिर दल अपहरे ॥ महा ॥७॥ यों जीव दया दिल लाय, हृदय करुणा धरो ॥ महा ॥ हरिजन्द रज सूर्य', वरे शिवपुर वरो ॥ महा ॥ ८ ॥

॥ जिनवाणी ॥

तर्ज —ख्याल में ।

जिनवर की वाणी सुनिये चित्त आणी प्राणी भाव से ॥ टेर॥ सुखदायक हैं कल्प वृक्ष सम, चिन्ता चूरन हार। भव्यन के उर भ्रमतम भेदन, छेदन, कर्म कुठार हो ॥ जि. ॥ १ ॥ सात नय निक्षेप चारयुत, वाणी गुण पेंतीस। सुणे अमर नर तिर्यंग आदि, समभावे तज रीस हो ॥ जि. ॥२॥ निजपर आतम सूचन को भई, जिनवाणी रवि जोत। भ्रमण करत भव सरित मांहि जसु, मिली तिरन को पोत ॥ जि. ॥ ३ ॥ जन्म मरण दुःख मेटन सुखकर, बोध बीज दातार। वचन अदोषित आदि अन्तसम, परमा-

॥ आ. ॥ ४ ॥ गुरु ब्रह्मा मे विष्णु शंकर, सकल श्रुति गुरु गायो। वीतराग जिन सकल जिनेश्वर, गुरु प्रसाद लखायो ॥ आ ॥५॥ गरुड़ देख सुन पन्नग छिन में, विष जाय भगायो। त्यों गुरु वाणी मिथ्या भ्रमतम पल में जाय विलायो ॥ आ ॥ ६ ॥ अन्तरात्मा का भवन आंजी दूर अ-ज्ञान भगायो। जड़ चेतन दोउ भिन्न बताई आतम ज्योति जगायो ॥ आ ॥७॥ सुखदाई पद पंकज सेवी हृदय अमी बरसायो। अमरचन्द सुत 'सूर्य' हरखधर सद्गुरु कीर्तन गायो ॥ आ ॥ ८ ॥

तर्ज,—ख्याल में ।

गुरुराज तुमारी वाणी हितकारी, भव दुःख भेदनी ॥टेर॥ अमृत धारा सम है वाणी, अनुपम अति सुखदाय । क्षुधा तृषा व्यापे नहीं किंचित्, श्रवण तृपति नहीं थाय ॥ गु ॥१॥ मन हरणी मिथ्यात विनाशक, इच्छा पूरन हार । कल्पतरु सम आप गुरुजी, त्रय दुःख चूरन हार हो ॥ गु ॥२॥ ज्ञान सुधासम भोजन रुच कर, पायो तुम परसाद । संका कंखा मिटी सर्व ही, कीनो जब आस्वाद हो ॥ गु ॥३॥ सुखदाई जहां लहर सरित की, नसें भ्रांति पुनि शोक । त्यों सरित तुम तजी खाल कोऊ, गहे सो मूरख लोक हो ॥ गु ॥४॥ सात भंग निक्षेप चार और,

भव निहार ॥ जि ॥ ४ ॥ जिनवाणी बिन धीर वैन जग पालक ध्यान रसाय। इह वाणी सुन लहैं भव्य सुख, आतम गुण प्रकटाय हो ॥ जि ॥५॥ दादुर नाग मृग तस्कर, भील सुर गजराज। इत्यादिक जिनवाणी को धर, सफल कियो निज काज ॥ जि ॥ ६ ॥ सरस्वती जिनवाणी शुद्ध मन पढ़ें सुने चितलाय। श्रुति वाक्य यों प्रकट बतावें ज्ञानावरण नशाय हो ॥ जि ॥ ७ ॥ स्याद्वाद जिन-वाणी हित कर, भ्रमय मिथ्य संहार। हरिमन्द सुपसाय 'सूर्य मुनि' वंदे बारं बार हो ॥ जि ॥ ८ ॥

तर्ज,—ख्याल में ।

गुरुराज तुमारी वाणी हितकारी, भव दुःख भेदनी ॥टेर॥ अमृत धारा सम है वाणी, अनुपम अति सुखदाय । छुधा तृषा व्यापे नहीं किंचित्, श्रवण तृपति नहीं थाय ॥ गु ॥१॥ मन हरणी मिथ्यात विनाशक, इच्छा पूरन हार । कल्पतरु सम आप गुरुजी, त्रय दुःख चूरन हार हो ॥ गु ॥२॥ ज्ञान सुधासम भोजन रुच कर, पायो तुम परसाद । संका कंखा मिटी सर्व ही, कीनो जब आस्वाद हो ॥ गु ॥३॥ सुखदाई जहां लहर सरित की, नसें भ्रांति पुनि शोक । त्यों सरित तुम तजी खाल कोऊ, गहे सो मूरख लोक हो ॥ गु. ॥४॥ सात भंग निक्षेप चार और,

भव तरणादिक सार । समझायो गुरु भेद विविध से भ्रमतम दियो निवार हो ॥गु ॥४॥ किरपा सिंधु दीन उधारक, शरण सहूं गुरु देव । ऐसे निर्ग्रंथ त्यागी गुरुकी निसको भव भव सेव हो ॥ गु ॥६॥ मैन दपत ना होय वचन से तन मन रहें सु भाव । जिन बोधित जिम आगम भाखी, अनुपम दरें सुभाव ॥ गु ॥७॥ आठ सिद्ध नव सिद्धि सहु पावें गुरु किरपा जब होय । सहितम्य सनू 'सूर्य मुनि' कहें, सुगुरु शरण हो मोष हो ॥ गु. ॥ ८॥

तर्ज —गजल उपदेशी ॥

हमारे धर्म के ऊपर, करूं मै होम निज तन का। अहिंसा धर्म के ऊपर, न्यौछावर है सरव धन का ॥ टेर ॥ कोई नां साथ हो साथी, जुदा हो मित्र और न्याति। छेह तो देत निज जाती, चहे नां सहारा किन का ॥ ह ॥१॥ धर्म जिनराज का सुख कर, हमारे प्राण से प्रियवर। छिनक में ताप त्रय दें हर, सहारा एक है जिनका ॥ ह ॥ २ ॥ करें तन व्याघ्र आ भेदन, करें कोउ शस्त्र से छेदन। विविध कोउ देत है वेदन, तथापि ध्यान है तिन का ॥ ह ॥३॥ नहीं कोई धर्म से वढ़कर, न देखा जक्ष के अन्दर। अधर्म और धर्म में अन्तर, पड़ा जिम आक चन्दन का ॥ ह ॥४॥ चाहे सर्वस्व पिए जावे, डगे

नां धर्म के पथ से । भले कहो मूर्ख सब दुनियां हटे नां ध्यान तोडु मन का ॥ द ॥४॥ मिले अपमान नां कुछ भी, डगे ना सहससुर आवें । सरिमन्द 'सूर्य' दो मार्ग धन्य अवतार है जिनका ॥ द ॥५॥

---

८ —गजल कसेरी ॥

कहे समझाय गुरु ज्ञानी, जगत फानी जगत फानी । सुमति धर ज्ञान उर आनी जगत फानी जगत फानी । टेर ॥ नहीं कोई साथ में आवे जगत सब स्वार्थ दरसावें । धरा धन धान रह जावें, प्रत्यक्ष देखो खरे प्राणी ॥ ज. ॥ १ ॥ समझत् प्यास है जग का मुसाफिर लोग है मठ

का। रहे महिमान दो दिन का, त्यों ही तेरी ये जिन्दगानी ॥ क. ॥ २ ॥ मोह में होय अज्ञानी, करें हिंसा हरष आनी। डरें नां पाप से प्राणी, रुले भवभव में अभिमानी ॥ क. ॥३॥ उमर सब मुफ्त मै खोई, अमृत तज वैल विष वोई। रह्यो मिथ्यात में सोई, नहीं निज हानि को जानी ॥ क ॥४॥ देव गुरु धर्म सुखकारी, धार त्रय रत्न हितकारी। देओ परभाव को टारी, सुगुरु की सीख ले मानी ॥ क. ५ ॥ अमूल्य नर रत्न को पाई, करो हित कार्य सुखदाई। सुरिनन्द 'सूर्य' समझाई वरो वर वेग शिवरानी ॥ क. ॥ ६ ॥

मो धर्म के पथ से। भले कहो मूर्ख सब दुनियां हटे ना ध्यान तोडु मन का ॥ ह ॥४॥ मिले अपमान मो कुछ भी, डरों ना सहससुर आवें। सुरिनन्द 'सूर्य' यों भावे धन्य अवतार है जिसका ॥ ह ॥५॥

८३,—राग भरोसी ॥

कहें समझाय गुरु ज्ञानी जगत फानी जगत फानी। कुमति घर वास कर भामी जगत फानी जगत फानी ॥ टेर ॥ नहीं कोई साथ में आवे जगत सब स्वार्थ दरसावें। धरा धन धान रह जावें, प्रकट देखो मरे प्राणी ॥ क ॥ १ ॥ सामयत् स्याल है जग का मुसाफिर लोग है मठ

हो ॥ क ॥ ४ ॥ नहीं क्रोधी व अहंकारी, नहीं माई व व्यभिचारी। रहे मर्याद कुलधारी, पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क. ॥ ५ ॥ सुशीला है वही नारी, वरेगा ऐसे पति प्यारी। रहें सो श्रेष्ठ सुकुमारी, पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क.॥६॥ कहे सीता वरूँ जैसे, मिलेंगे नाथ गुण तैसे। कियो मैं प्रण हृदय ऐसे, पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क ॥ ७ ॥ सूरि नंदलाल रामचन्द कहे "मुनि सूर्य" हितवाणी। मिले जसु रामचन्द आनी, पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क. ॥ ८ ॥

तर्ज —गज़ल।

कहै सुन्दर सखी मेरा, पतिवर हो तो ऐसा हो। यही है माथ सिर सेप, पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ टेर ॥ जिसमें कुल जात हो ताकी टेक इक सत्य पै ठानी। नीतिवर और सब भाषी पति-वर हो तो ऐसा हो ॥ क ॥ १ ॥ न चोरी जारी का लक्षण करे पर मुख्य ना म-स्कन। दयालु प्रेम का दर्शन पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क ॥ २ ॥ अहिंसा धर्म धारक हो और मिथ्या निवारक हो। सर्व गुणधाम सायक हो पतिवर हो तो ऐसा हो ॥ क. ॥३॥ नहीं अज्ञान के मत में रहे सत् साधु संगत में। भरे नहीं पाप कुपथ में पतिवर हो तो ऐसा

की नारी, बिष दई करे विनाश। नाहक जग अगनी में तपना ॥ ज. ॥ २ ॥ रात दिन उमर जाय बीती, धरे नहीं मन में कछु भीती। शक्ति तन बीरज वय जावें, तोहु नहीं धर्म करन चावें। दोहा ॥ नर-तन सुर दुर्लभ, कह्यो, बार बार नहीं थाय। सुण सतगुरु के बैन को, जन्म जन्म सुख पाय। होगया एक दिन रे खपना ॥ ज. ॥३॥ फँसे क्यों जगत द्वन्द मांई, सार कछु दीसे नां भाई। वृथा नर तन को मतहारे, साथ में खरची ले प्यारे। दोहा ॥ सूरिनन्द सुपसाय से, 'सूर्य' कहें हितवान। कर सुकृत तूं चेत नर, काल सुभट बलवान। गहेगा चहे जहां छिपना ॥ ज. ॥४॥

॥ उपदेशी ॥

तर्ज—कव्वाली ॥ नगर का नायक मै कौन ॥

जगत में कोई नहीं अपना, सतत भवि जिनन्द जाप जपना ॥ टेर ॥ अकेलो आप यहाँ आयो, साथ कोड चीज नहीं लायो । अकेलो अन्तर फिर ध्यायो, साथ कोइ साथी नहीं पायो । दोहा—मात पिता परिवार सब स्वारथ को संसार । बिन स्वारथ से छिन में देखो, घर से देत निकार । समझलो जग है निशि सुपना ॥ ज ॥ १ ॥ मित्र तू समझे है जिनको, शत्रु हो पल में तज तनको । क्रिया मित्र मान प्यार धन को देख तज्यु खुशी आप मन को । दोहा—कोउ किसी के ना बने, हैं स्वारथ के दास । बिन स्वारथ से घर

आप्त वचन यह, निजपर आतम को सू-
चन यह। भव भव दुःख मोचन यह,
सरिता खरीरे ॥ पी.॥४॥ चिंतामणि पुनि
कल्पतरु सम, इच्छा पूरन कामधेनु
जिम। जिनवाणी त्यों अनुपम, रही अमृत
झरीरे ॥पी.॥५॥ सुणे भव्य जो इक चि-
त्तलाई, भ्रमतम ताको जाय विलाई।
आतम गुण प्रकटाई, भवनिध तरीरे॥
पी ॥ ६ ॥ वेदवसुनिधि चन्द सम्वत्सर,
धाम मुंबाई है सहु सुखकर। सूरिनन्द
पद नमकर गुण वर्णन करीरे ॥ पी. ॥७॥

॥ जिनवाणी ॥

तर्ज—म्हारी नाव उतारो पार करो सेवक ॥ छोटा ॥

पीओ जिनवाणी रस प्याला, भरी भरीरे। पी करके हो मतवाला अमृत हरीरे॥ टेर॥ वीर जिनंद मुख निकली वाणी मिलकर सदु के सुधा समाणी। गौतम गुरु वर जाणी, शिव वनिता वरीर॥ पी ॥१॥ मोक्ष सदन इह कमला सुख कर मिटे सर्व ही जन्म मरण डर। पावें पद अजरामर, जिनवाणी धरीरे॥ पी.॥ श्री जिनसेन दयारस पूरन अष्ट कर्मदल कंचन चूरन। राग द्वेष तम झूरन, को साची खरीरे॥ पी ॥२॥ अखिल अरोपित

को, करे सो याद फिर बिरथा ॥४॥ थकी इन्द्रि थकी काया, विकल गति होगई तन की। तोहु विषयांध होकर सो, करें आस्वाद फिर बिरथा ॥ ५ ॥ सूरिनन्द 'सूर्य' कहें जिनको, जिनंद वाणी सुगुरु सेवा। मिला सहु आतम हित साधन, करें परमाद फिर बिरथा ॥६॥

○ हाथ ○

तर्ज—मनाउ म्हेतो श्री अरिहत महन्त ॥

मित्रवर कीजे ऐसे हाथ ॥ टेर ॥

लेय छुरी सम कलम हाथ में- लिखे न झूठी बात। कुड तोला कुड मापा कर कर, कबहुं ठगे नहिं आथ ॥ १ ॥ दीन जनों पै हाथ न डाले, कर करुणा हर्षात।

॥ उपदेश ॥

तर्ज—पंजा

कोई सब हाथ से बाजी, करें विष पान फिर विरथा। करें अन्याय अब काजी, करें फरियाद फिर विरथा ॥टेर॥ कोई पत्थर पै धर करके करें चिन्तामणि चूरन। हुआ है भाग पे पे कर, करें बकवाद फिर विरथा ॥१॥ किया अन्याय से अपना, बड़ा बदनाम दुनियाँ में। त्याग मित्र हाथ से हमदर्द करें मर्याद फिर विरथा ॥२॥ पास में पूर्ण है लछमी करें शुभ काम में ना व्यय। करी बरबाद धन को करें आबाद फिर विरथा ॥३॥ पूर्ण थी पास में सम्पत, बड़ा था नाम दुनियाँ में। फिकर धर पूर्व की रिज

○ देव ○

तर्ज—मनाऊँ म्हेतो श्री अरिहंत महन्त ॥

सब मिल गाओ श्री जिनवीर ॥ टेर ॥

नाम जिसको है सुखदाई, मेटन को पर पीर। जन्म मरण भय व्याधि क्षय हो, पावत भवदधि तीर ॥ १ ॥ देखे देव जगत में केई, धारत विविध शरीर। काम क्रोध मद पूरन दोषित, जिम किं-पाक परीर ॥२॥ तुम विन कोउ न देख्यो स्वामिन् देव अदोषित धीर। तीन भुवन को भ्रमतम मेटन, तू है सत्य महीर ॥३॥ देव अदेव में अन्तर देख्यो, जैसे कनक कथीर। पूरन तू है कल्पतरू सम, अन्य है वृक्ष करीर ॥४॥ अम्बर घन पल मांही जैसे, नासें लगत समीर। त्योंहि वीर के दरश परशतें, भांजत कर्म जंजीर ॥ ५ ॥

दे हाथों से दान दुखित को, जगीमनहु न हात ॥२॥ करें न कभू दुष्टन से मीति, करें सुमित्रन साथ। देख सुगुरु के चरण शीघ्र ही, धरै सुगकर माथ ॥ ३ ॥ कंकण कर पहने नहीं सोहै, सोहै जिनगुण गात। निज हाथों से पर दुख काटे सो है जग विख्यात ॥ ४ ॥ कबहुँ कुचेष्टा करें न कर से करें न जीवन घात। क्षमा ग्रहण धर हाथ कर्मवश मेटत शांति अघात ॥ ५ ॥ करें न काहु संग दुष्टता जिनप्रभु धर्मी वरदात। ध्रुविनन्द सुनू सूर्य मुनि कहें कीजे सुकारज भ्रात ॥ ६ ॥

सुखकारी। हा! मणि मुकर को एक मानकर, कीनो भवख्वारी ॥ २ ॥ मिथ्या तिमिर निवारक जिनजी, भवभ्रम भय-हारी। कर किरपा अब नाथ कृपालु, दे तारक तारी ॥ ३ ॥ मंगलकारी देव, अ-मूर्तिक तू है अविकारी। अब लियो चरण में शरण सतत तूं, भव भव किर-तारी ॥४॥ सादि अनन्त सिद्धपद तुमरो, जन्म मरण टारी। अमित ज्ञान दर्शन मम दीजे, शिव सुन्दर नारी ॥ ५ ॥ पूज्य श्री नन्दलाल मुनीश्वर, भव्यन हितकारी। शरण 'सूर्यमुनि' आय पड़ा है, जावूँ बलिहारी ॥ ६ ॥

भव नीरज शुचि दर्पन को, धीर मिरा-
जिम धीर। भ्रमभरु पंक प्रक्षालन को
इह नाम है विशुद्ध सुनीर ॥ ६ ॥ भ्रमत
फिरत संसार मांहि हों ! काल भयो
अति धीर। सरिगम रत्न 'सूर्यमुनि' कहैं,
भव दुखसिंधु गहीर ॥७॥

○ विनय ○

तर्ज—प्रभु मम सुगर सुख धाम।

अरजी हमारी एक दयालु लीजे अब
धारी। मैं सेवक सरबे आप विनय अति
करता हितकारी ॥ टेर ॥ भीम भयानक
भववन कीजे सब पारी। गति चारों है
दुखदाय, तामें भटक्यो अविचारी ॥
१ ॥ श्री अरिहंत से देव सेवना धारी

हाथ कंकण। करते हैं मोज मानी, मन में गुमान लाकर ॥ ५ ॥ है माल महल उनके, रहने को खूब सूरत। लूले अपंग जैसे, सोते उमर विताकर ॥६॥ लक्ष्मी की अन्धता में, लखते न दीन जन को। किंचित् दया का अंकुर, अब तो हृदय धराकर ॥ ६ ॥ हा! बन रहे विधर्मी, लाखों अनाथ प्राणी। सत धर्म छोड़ निज कर, बनते हैं भ्रष्ट जाकर ॥७॥ धन प्राण जाय तो भी, रक्षा तो उनकी कीजे। सूरि-नन्द 'सूर्य' वाणी सुण भर्म को भगाकर ॥ ६ ॥

○ अनाथ ○

तर्ज—कव्वाली।

शुभ भावों से हमेशा, दुखियों के
दुःख लिया कर। जो है अनाथ दुखिया
ताको दें कुछ दिया कर ॥ टेर ॥ फिरते
बिचारे दरबदर, भूखों के मारे अनहद।
आधार वे रहे हैं तुम तो कोई दयाकर
॥१॥ इस पापी पेट कारण दिन दुगना को
धारें। कई बाहर आ रहे हैं किंचित् भी
मन दयाकर ॥२॥ निज पुत्र ही को माता
खाती है भूख कारण। उनके दुखों में
कुछ ही मन ध्यान तो किया कर ॥ ३ ॥
जाते हैं जिसके घर पै, वैसे हैं मार पता।
सुनते नहीं हमारी कुछ ध्यान भी लगा-
कर ॥ ४ ॥ कंठी गले लगाई कोड पार

सुगुरु सुदेवों को ध्याओ, अहिंसा धर्म उरलाओ। करो निज आत्म हित साधन, तजो अभिमान रे ! प्राणी ॥४॥ श्री जिन वैन उर आनो, मिथ्या पाखण्ड सहु जानो तजो जड़ देव अविरागी, भजो सुविकाश निर्वाणी ॥ ५ ॥ रतन चिन्तामणि तज के, गहो नां काच और कंकर। पाय नरतन वि-रथा त्योंहि, करोनां रत्न की हानी ॥ ६ ॥ श्री सूरिनन्द गुरुवर के चरण रज 'सूर्य' कहे हितकर। अनादि तोड़ वसु बन्धन, वरीजे सौख्य शिवरानी ॥ ७ ॥

○ उपदेशी ○

तर्ज—गजल ।

सुनावेंगे सकल जग को, हमारे वीर की वाणी। हटावेंगे अधम हिंसा बतावें धर्म हित जानी ॥ टेर ॥ पड़े क्यों हो भरम तम में अनादि नींद में अब तक। हिताहित भान निज कीजे, वृथा खोवो न जिन्दगानी ॥ १ ॥ तात और मात सुत भ्राता सकल परिवार पुनि माता। सदा निज स्वार्थ दरसाता, कहें समझाय गुरु ज्ञानी ॥ २ ॥ जहां तक पूर्व का पुण्य है वहां तक देखलो वैभव। क्षणिक से सर्व दिखलावें कहे ज्ञानी जगत फानी ॥ ३ ॥

सुगुरु सुदेवों को ध्याओ, अहिंसा धर्म उरलाओ। करो निज आत्म हित साधन, तजो अभिमान रे। प्राणी ॥४॥ श्री जिन वैन उर आनो, मिथ्या पाखण्ड सहु जानो तजो जड़ देव अविरागी, भजो सुविकाश निर्वाणी ॥ ५ ॥ रतन चिन्तामणि तज के, गहो नां काच और कंकर। पाय नरतन वि-रथा त्यौंहि, करोनां रत्न की हानी ॥ ६ ॥ श्री सूरिनन्द गुरुवर के चरण रज 'सूर्य' कहे हितकर। अनादि तोड़ वसु वन्धन, वरीजे सौख्य शिवरानी ॥ ७ ॥

○ उपदेशी ○

तर्ज—मेरे मैया तू कभी भुलाने मुझे ॥

हम वीर वाणी को सुनाय जायेंगे। हम सोये हुए को जगाय जायेंगे ॥ टेर ॥ काल अनादि जगत में भ्रमण कियो अज्ञान। राग द्वेष मिथ्यात्व में पड खोयो ममाल। ताको धर्म का रास्ता बताय जायेंगे ॥ हम ॥१॥ निज आतम गुण भूल के पुद्गल संग अनुराग। दिन दिन तृष्णा बढ़ रही ज्यों तृण लागत आग। ताको समता का ज्ञान कराय जायेंगे ॥ हम ॥२॥ चतुर्गति संसार में भ्रमण कियो अविचार। काम क्रोध मदपूर में डूब रहे मझधार। उनको धर्म की नौका दिखाय जायेंगे ॥ हम ॥३॥ जड़ चेतन एक

मान के, करत जीव की हान। स्व-पर हित का है नहीं, किंचित् ताको भान। शुद्ध श्रद्धा में उनको लगाय जायेंगे ॥ ह. ॥ ४ ॥ सुखदानी भववारणी, वाणी अमी समान। सूरिनन्द सुनू हित कहें, तज मिथ्या अभिमान। जिन वाणी का प्याला पिलाय जायेंगे ॥ ह ॥ ५ ॥

॥ कहां हमारे वीर ॥

तर्ज —गजल।

कहां गये भारत के ऐसे, वीर नर अब इन दिनों। कहां चमन आबादियां, सूखा है सर अब इन दिनों ॥टेर॥ कहां गये वह धर्म के, झण्डे उड़ाते जगत में। तकरार आपस में करें, उत्साह धर अब

इन दिनों ॥ १ ॥ कहां गई वह ताकतें, और कहां गई आजादियां। कहां गई वह धर्म श्रद्धा, सुखकर अब इन दिनों ॥ २ ॥ मुनिराज गौतम से कहां उपवास से अथवा मुनि। समा अर्जुनसी नहीं आती नजर अब इन दिनों ॥ ३ ॥ आनन्द जैसे श्राद्ध कहां कहां काम देवस से हैं वीर। कहां गई सीता सती सम, और सुन्दर इन दिनों ॥४॥ बाहुबलि से सूर कहां पदवी कहां भरतेश की। सम्यक्त्व कहां श्रेणिक की कहां नीतिवर अब इन दिनों ॥ ५ ॥ श्याम गज सुकुमाल का बुद्धि अभय जैसी कहां। कहां शालिभद्र से हैं श्रेष्ठ घर अब इन दिनों ॥ ६ ॥ काढते जड़ आपकी, ले हाथ में तीक्ष्ण कुठार। जिन मार्ग में हा! क्लेश का होता समर अब

इन दिनों ॥ ७ ॥ मान ईर्षा द्वेष में, देते हजारों खर्च कर। कैसे प्रबल हो पक्ष यों धरते फिकर अब इन दिनों ॥ ८ ॥ ज्ञान तप संयम किया, सब मान को अर्पण करें। हा! बाह्य आडम्बर लिये, कसते कमर अब इन दिनों ॥ ६ ॥ खूब तूने अब तलक, नीचा दिखाया धर्म को। कुछ भी सम्भालो होंस अपनी, हो चतुर अब इन दिनों ।१०। दे कलंक सत् धर्म को, उन से भी नीचा है कोई। क्यों पाप गठरी बांध के, खोते उमर अब इन दिनों ॥११॥ वस कहने का कुछ और है वर्ताव उनका और है। उपदेश उनका और है, ऐसे खुघर अब इन दिनों ॥ १२ ॥ क्या था करने का अवश्य, क्या हानियां होने लगी। किंचित भी तुमको है नहीं, दिल

में खातर अब इन दिनों ॥१३॥ हा ! पूर्वजों
के नाम को निर्मूल किमोगे तुमा ! क्यों
न तुम पै उनकी वाणी हो अमर अब इन
दिनों ॥ १४ ॥ सरिजन्म पदपंकज शरण हे
मुनि सूर्य हितकारी कहे । हे प्रभो !
चतुर्संघ में सद्बुद्धि धर अब इन दिनों
॥ १५ ॥

तर्ज—गजल ।

काहे क्यों मन फिकर प्राणी गया सो
तो नहीं आवे । लिखा है जन्म जब आके
अवश्य ही यहां से जावे ॥ टेर ॥ जो है
आयुष्य का बंधन यही सब भोगता प्राणी
टूटे आयुष्य तब यहां पे घड़ी इक रहीन
नां पावे ॥ १ ॥ जहां तक जीव है तन में

करे हैं आस सौ प्राणी। तभी तक देख लो सगपन, सभी आकर के दरशावे ॥ ॥ २ ॥ देही को अग्नि में धरकर, करे हैं छार पल भर में। न साथी साथ कोई आवे, प्रेम उस वक्त छिटकावे ॥३॥ मुसाफिर मान निज मठ को, विताया वर्ष कई रह कर। हुआ तब नाश तन मठ का, कहो कैसे रहिन पावे ॥४॥ मोह में मुग्ध हो नारी, शरण ले अगन की जाके। कूट ले छाजियां छाती, सभी सुध बुध को विसरावे ॥ ५ ॥ दीप में तेल हो जहां तक, रहे ज्योति प्रकट वहां तक। खुटा है तेल दीपक का, तभी ज्योति नहीं रहावे ।६। करे किसका फिकर मनमें, हँसे क्यों खुद निडर होकर। तूही है काल का भोजन, आज वह काल में धावे ॥७॥ करे

जो पाप पुन प्राणी उदय आता सो ही दरसावे । रहा संयोग था तब तक, नैन से नीर क्यों बहावे ॥ ८ ॥ इन्द्र चक्रि भूपत सब ही गये हार ! काल से हारी । रहे कोई स्थिर नहीं यहां पै कई ज्ञानी यों समझावे ॥ ९ ॥ करो सब धर्म मन आनी, समय मिलता नहीं हर्गिज । सुरिवन्द पद शरण लेकर सत्य यों 'सूर्य' बतलावे ॥ १० ॥

धर्म—पचासी ॥ तर्ज ॥

उपकारी गुरुदेव हमारे सुखकारी गुरुदेव ॥ टेर ॥ एवमीक गिरी सम पद बृत को । पालत हैं स्वयमेव ॥ ह ॥ १ ॥ भीम भयोदधि भ्रमण करत जस । तारन

है ततखेव ॥ ह ॥२॥ गुरु दीपक गुरु इन्दु जग में । है नहीं गुरु कोउ एक ॥ ह.॥३॥ ज्ञानांजन कर भ्रमतम मेट्यो । जो है अनादि कुटेव ॥ह.॥४॥ रत्नत्रय सुध मार्ग वतायो । सुमति हृदय में ठेव ॥ ह. ॥५॥ जड़ चेतन दोऊ भिन्न लखायो । गुण ज्ञानादि अछेव ॥ ह. ॥ ६ ॥ श्री सूरिनन्द 'सूर्य मुनि' पभरो । कीजे सुगुरु की सेव ॥ ह ॥ ७ ॥

○ जिनगुण ○

तर्ज,—ना छेड़ो गाली दुगारे भरवा दो मोहे नीर

सव मिल के जिन गुण गाओ रे, मन प्रेम धरी नरनार ॥ टेर ॥ है नाम जिनन्द सुखदाई, दे जामन मरण मिटाई । भज

अजर अमर हो जाओ रे ॥ म ॥१॥ छल कूड़ कपट को त्यागो श्री वीतराग पथ लागो। शुभ देव गुरु को ध्याओ रे ॥म॥ २॥ है कूड़ क्लेश की खानी, हो द्रव्य कुटुम्ब की हानी। मिथ्या जड़ से दूर भगाओ रे॥ म ॥३॥ सब लघु बड़े मिल भाई, कर आपस में मिलाई। सब जाति कुरीत मिटाओ रे॥ म ॥४॥ जो जाति भांति उजियारा समझकर सब से हित प्यारा। फिर धर्म ध्वजा फहराओ रे॥ म ॥५॥ सुरिनन्द सूर्य मुनि' गाई जय कहो वीर की भाई। नित वात्सल्यता दर साओ रे॥ म ॥६॥

मंगल

श्री धर्मदास मुनीश पट पै रामचन्द्र मुनीश थे। माणिक्य मुनि जसराज मुनि विख्यात प्रज्ञाधीश थे॥ श्री मन्मयाचंद्रार्य के पटयुग अमर सूरीश थे। केशव तथा मोखम मुनीश्वर नन्द मुनि गण ईश थे॥ १॥ धर्मोपदेशक थे दयालु पूज्य श्री माधव मुनि। कोविद विविध ज्ञाता स्व-पर के पोत सम थे वह गुनी॥ थे वह धुरंधर धर्म के पुनि जैन में वरवीर थे। तत्पाट पै चम्पक मुनीश्वर भव्य तारक धीर थे॥ २॥

॥ राग—भैरवी [illegible] स्तुति ॥

जगनाथ दास की ये, सुनिये विनय अरदासी। सेवक अधम तुम्हारा, एक दर्श का है प्यासी ॥टेर॥ चौरासी लख भटका कीना ज्यों देव भटका ॥ चौंधा रही मैं लटका सहि दुःखभार खासी ॥ ज ॥१॥ बस हाथ पर समाये निज आतम गुण भुलाये ॥ सुमती सभी रहाये, कुमती कुटिल है दासी ॥ ज ॥२॥ कोई कुकर्म कीना, निज गुण बिसार दीना ॥ अब तो शरण तुम्हीं का लेकर भया उदासी ॥ ज ॥३॥ देखा न देव तुमसा तिहुं लोक में है भगवन् ॥ रही नाम सर्व शक्ति तेरी अचल विलासी ॥ ज ॥४॥ सूरिमन्द्र गुरु पसाये कर जोड़ कर गुजारे ॥ मुनि सूर्य दास तेरा दें ही बसे विलासी ॥ ज ॥५॥

।। तर्ज—कव्वाली ईश प्रार्थना ।।

जय जय परम पिताजी, तेरा सहाय जग में ॥ स्वामी तेरी शरण से होता नहीं अलग मै ।। टेर ॥ छुट जाय कर्म सारे, भगजाय भर्म भारे ॥ इक नाम तुम समाया, मेरे रगोहि रग में ॥ ज.॥१॥ देखा है अन्य जग में, कामी विरूप देवा ॥ तुझ पंथ के शिवाना, भरता न अन्य डग में ॥ ज ॥२॥ है गुण गरिष्ट तेरा, महिमा अजब है भगवन् ॥ तेरी कृपा से तिर्यग, जाता उरग सुरग में ॥ ज ॥३॥ हो मोह के विवश मैं, कीना है क्रूर कर्मों ॥ सच्चा तेरा हु भगवन् , तस्कर पतीत ठग मै ॥ ज ॥ ४ ॥ हे पार्श्वनाथ पावन, तेरा परम सहारा ।। सूरिनंद 'सूर्य' प्रतिपल, पड़ता है नाथ पग में ॥ ज ॥ ५ ॥

॥ तर्ज—कव्वाली मार्चना ॥

